तापमान

अधिकतम 28.5 डिग्री

न्यूनतम 12.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 8 फरवरी 2026



14 कैंसर से बचाव का संदेश, जिला अस्पताल में जागरूकता सेमिनार





14 ऐकैडमिक वर्ल्ड स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे की मची धूम






# बिना अनुमति लाखों ईंटों का निर्माण, कार्रवाई के बाद भी बेखौफ संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

ग्राम पंचायत ताला के आश्रित ग्राम ढोकला में नियम-कायदों को ताक पर रखकर चिमनी ईंट भट्ठा संचालन की तैयारी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भट्ठा शुरू होने से पहले ही बिना किसी वैधानिक अनुमति के लाखों कच्ची ईंटों का निर्माण कर डंप कर दिया गया। हैरत की बात यह है कि पूर्व में कार्रवाई और जुर्माना लगने के बावजूद भट्ठा संचालक बेखौफ होकर निर्माण कार्य जारी रखे हुए है। इस गंभीर मामले को लेकर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई से शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है, वहीं जल संसाधन (एरिगेशन) विभाग ने भी संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

जानकारी के अनुसार, नियमों के उल्लंघन की शिकायत पर पहले ही खनिज विभाग, पर्यावरण विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम जांच कर चुकी है। जांच में कई खामियां सामने आने पर ईंट भट्ठा संचालक पर जुर्माना भी लगाया गया था। इसके बावजूद न तो निर्माण रोका गया और न ही नियमों का पालन किया गया, जिससे प्रशासनिक सख्ती की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**बांधा जलाशय पार को बनाया सड़क :** सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि भट्ठा संचालक द्वारा सरकारी बांधा जलाशय के पार हिस्से को निजी सड़क के रूप में उपयोग किया जा रहा है। भारी वाहनों की आवाजाही से जलाशय की सुरक्षा और ग्रामीणों की सुविधाओं पर खतरा मंडराने लगा है। शिकायत मिलने पर एरिगेशन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और आरोप सही पाए जाने पर संचालक को नोटिस जारी किया। कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में गंभीर आरोप लगाए गए हैं— जिसमें नवनिर्मित चिमनी ईंट भट्ठा सरकारी ओपन जेल से महज 80 से 100 मीटर की दूरी पर, जो सीधे तौर पर एनजीटी नियमों का उल्लंघन है। ग्राम पंचायत से केवल 2 हेक्टेयर भूमि की एनओसी लेकर 7 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में कार्य विस्तार। बिना अनुमति लाखों कच्ची ईंटों का निर्माण कर डंपिंग।


## बांधा जलाशय बना सड़क, ईरिगेशन विभाग ने जारी किया नोटिस

### एनजीटी तक पहुंचा मामला

शिकायतकर्ता ने इस पूरे प्रकरण की शिकायत नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सेंट्रल जोन भोपाल में भी की थी। एनजीटी के निर्देश पर राज्य पर्यावरण विभाग, कलेक्टर कार्यालय और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने स्थल निरीक्षण किया था, जिसमें नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संचालक पर जुर्माना लगाया गया।

### सीमांकन को लेकर विरोधाभासी बयान

मामले में सीमांकन और एनओसी को लेकर विरोधाभासी बयान भी सामने आए हैं। भट्ठा संचालक पक्ष का कहना है कि पर्यावरण विभाग के नियमों के अनुसार तहसीलदार व पटवारी से एनओसी प्राप्त है। वहीं पटवारी ढोकला हल्का ने साफ शब्दों में कहा कि उन्होंने किसी प्रकार की कोई एनओसी जारी नहीं की। राजस्व निरीक्षक ने भी सीमांकन रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपने की बात कही है।



### क्या कहते हैं अधिकारी

कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम पुनः जांच के लिए मौके पर जाएगी। जांच प्रतिवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।"

- **रोहित साहू**, जिला खनिज अधिकारी

"पर्यावरण विभाग के नियमों के अनुसार सभी आवश्यक एनओसी ली गई हैं। तहसीलदार व पटवारी स्तर से अनुमति प्राप्त है।"

- **भारत साहू**, ईंट भट्ठा संचालक प्रतिनिधि

"मेरी ओर से संबंधित चिमनी ईंट भट्ठा संचालक को किसी भी प्रकार की एनओसी नहीं दी गई है।"

- **भूपेंद्र तिवारी**, पटवारी ढोकला हल्का

"लगभग दो वर्ष पूर्व सीमांकन किया गया था, उसकी रिपोर्ट तहसीलदार को सौंप दी गई है।"

- **निशा तारम**, आरआई

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री स्कूल देवकर के झरना–अभिनीत ने मणिपुर में किया छत्तीसगढ़ का नाम रौशन





**बेमेतरा।** नगर देवकर में संचालित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के छात्र–छात्रा झरना साहू (कक्षा 12वीं) एवं अभिनीत सिहोरे (कक्षा 12वीं) ने मणिपुर की राजधानी इंफाल में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सहभागिता कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। दोनों विद्यार्थियों ने अंडर-19 आयु वर्ग की फेंसिंग (तलवारबाजी) स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 28 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित हुई, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर झरना और अभिनीत का चयन 24 सदस्यीय राष्ट्रीय टीम के लिए हुआ। सीमित खेल संसाधनों वाले छोटे क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना इन विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का प्रमाण है। व्यायाम शिक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन का विशेष रहा है।

### 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत, तैयारी को लेकर हुई बैठक



**बेमेतरा।** वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 14 मार्च को किया जाएगा। बैठक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार सरोज नंद दास, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में देवेन्द्र कुमार, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, मोहित सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अनिता कोशिमा रावटे, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा उपस्थित रहीं। इस दौरान आर्बिट्रेशन, चेक बाउंस तथा क्लेम व बीमा कंपनी से संबंधित लंबित प्रकरणों में पक्षकारों के साथ प्री-सिटिंग आयोजित कर आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों के निराकरण पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में बताया गया कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का त्वरित, सरल एवं कम खर्च में समाधान संभव है, जिससे न्यायालयों पर बढ़ते बोझ में भी कमी आती है।

## तार घेराबंदी से विवाद फिर गरमा गया, प्रशासनिक हस्तक्षेप पर टिकी नजर

# ग्रापं में समझौते के बाद भी बहेरा में उलझा विवाद कबीरपंथ समाज ने कलेक्टर से की हस्तक्षेप की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

ग्राम पंचायत बहेरा में ज़मीन को लेकर चला आ रहा विवाद अब जिला स्तर तक पहुंच गया है। बीते 3–4 दिनों से गांव स्तर पर लगातार बैठकें होने के बावजूद समाधान नहीं निकल पाया। अंततः असंतुष्ट कबीर पंथ समाज के लोगों ने कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन सौंपते हुए संबंधित भूमि को सदगुरु कबीर भंडारा परिसर बताते हुए हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। समाज ने मंदिर समिति द्वारा की गई तार घेराबंदी पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

- पंचायत ने 2.5–2.5 डिसमिल भूमि आवंटित की, बीच का मैदान सार्वजनिक उपयोग के लिए रखा

ग्राम पंचायत बहेरा द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार दोनों पक्षों—कबीरपंथ समाज और श्रीराम मंदिर समिति—को 2.5–2.5 डिसमिल भूमि आवंटित की गई थी। साथ ही यह भी तय किया गया था कि बीच का खुला मैदान सार्वजनिक उपयोग के लिए खुला रखा जाएगा। इस व्यवस्था पर पहले दोनों पक्षों की सहमति बनी थी।



### जून 2023 में हुआ था समझौता, अब फिर विवाद

यह विवाद पहली बार जून 2023 में सामने आया था। उस समय जिला प्रशासन की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया था और अतिरिक्त कब्जा नहीं करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि हालिया तार घेराबंदी के बाद समझौते पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

### गांव में बैठकों के बाद भी नहीं बनी सहमति

सूत्रों के अनुसार बीते 3–4 दिनों में गांव स्तर पर कई दौर की बैठकें हुईं, जिनमें पंचायत प्रतिनिधि और दोनों पक्ष मौजूद रहे, लेकिन किसी ठोस नतीजे पर सहमति नहीं बन सकी। इसके चलते कबीरपंथ समाज ने प्रशासन से सीधे हस्तक्षेप की मांग की है।

### प्रशासनिक फैसले पर टिकी निगाहें

फिलहाल बहेरा गांव में स्थिति को लेकर सतर्कता बनी हुई है। ग्रामीणों की नजरें अब प्रशासनिक निर्णय पर टिकी हैं। देखना होगा कि जिला प्रशासन किस तरह पूर्व समझौते और पंचायत प्रस्ताव के अनुरूप निर्णय लेते हुए गांव में शांति और सामाजिक सौहार्द कायम कर पाता है।

### घेराबंदी पर दो राय: भंडारा परिसर बनाम सुरक्षा व्यवस्था

कबीर पंथ समाज का कहना है कि विवादित भूमि भंडारा परिसर का हिस्सा है, जहां धार्मिक आयोजन, भंडारे और सामाजिक कार्यक्रम होते हैं। समाज का आरोप है कि तार घेराबंदी पंचायत और प्रशासनिक समझौते के खिलाफ है, जिससे उनके धार्मिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। दूसरी ओर श्रीराम मंदिर समिति का कहना है कि उसी भूमि का उपयोग मंदिर से जुड़े अनुष्ठानों और धार्मिक आयोजनों के लिए भी किया जाता रहा है। समिति के अनुसार घेराबंदी किसी के अधिकारों को सीमित करने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए की गई है।

## उपसंचालक कृषि ने सेवा सहकारी समिति बुंदेला एवं गिरदावरी कार्यों का निरीक्षण



**बेमेतरा/नवागढ़।** कृषि विभाग द्वारा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को उपसंचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना द्वारा जनपद नवागढ़ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बुंदेला का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान उपसंचालक कृषि ने समिति में संधारित अभिलेखों, भंडारण व्यवस्था, किसानों को प्रदत्त सेवाओं तथा विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुपालन की गहन समीक्षा की। उन्होंने समिति के माध्यम से किसानों को समय पर बीज, खाद एवं अन्य कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आगामी कृषि मौसम में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

- भौतिक सत्यापन कर अभिलेखों की जांच

इसके पश्चात उपसंचालक कृषि द्वारा ग्राम सेमरिया (नवागढ़) में गिरदावरी एवं डीसीएस सर्वे कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फसल क्षेत्र, बोनी की स्थिति, फसल प्रकार एवं गिरदावरी प्रविष्टियों की मैदानी जांच की गई तथा अभिलेखों से मिलान कर ⏭ शेष पेज 12 पर

# मानव श्रृंखला के साथ रोजगार दिवस व आवास दिवस का भव्य आयोजन

**बेमेतरा।** जनपद पंचायत साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत बेमेतरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पद्माकर रहीं। आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों में गति लाना, हितग्राहियों को प्रोत्साहित करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

- पीएम आवास योजना के लाभार्थियों का हुआ गृह प्रवेश

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पूर्ण हो चुके आवासों के लाभार्थियों को चाबी वितरण कर विधिवत गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर लाभार्थियों को सम्मानित किया गया, जिससे अन्य हितग्राहियों को भी समय पर आवास निर्माण पूर्ण करने की प्रेरणा मिली। वहीं विभीजी-रैम-जी एवं आवास योजना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्रामीणों द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। जिन हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो पाए हैं, उन्हें गुलाब का फूल भेंट कर प्रोत्साहित किया गया तथा शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने यह ⏭ शेष पेज 12 पर



## म्यूल एकाउंट मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

म्यूल एकाउंट मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत म्यूल एकाउंट के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी आवेश 24 वर्ष व मुकेश कुमार वैष्णव 28 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ पर अपराध स्वीकार करने पर 6 फरवरी को मामले में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।



# समाधान महाविद्यालय में एनईपी-2020, सतत शिक्षा व मानवीय चेतना पर अंतर्राष्ट्रीय विमर्श



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय, बेमेतरा में आयोजित तृतीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020), सतत शिक्षा एवं मानवीय चेतना विषय पर विशेष पैरेलल सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का विषय सस्टेनेबल एजुकेशन फॉर ह्यूमन एंड प्लेनेटरी वेलबीइंग रहा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षाविदों, नीति विशेषज्ञों एवं विषय-विशेषज्ञों ने सहभागिता की।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित स्व-आधारित जीवन शैली को शिक्षा के केंद्र में लाना समय की आवश्यकता है। शिक्षा को केवल कौशल या रोजगार तक सीमित न रखकर चेतना, संस्कार और आत्मनिर्भर सोच से जोड़ना राष्ट्र निर्माण के लिए अनिवार्य है।

कीनोट सत्र में वक्ताओं ने एनईपी-2020 के विविध आयामों पर विचार रखे। अमरकंटक से आईं डॉ. शारदा शर्मा ने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था धनोपार्जन पर अधिक केंद्रित हो गई है, जबकि शिक्षा का उद्देश्य सही कार्य-व्यवहार और संबंधों की समझ विकसित करना होना चाहिए।

- प्रांत संघचालक व पूर्व शिक्षा सचिव रहे प्रमुख वक्ता, 104 शोध सारांशों का प्रकाशन

**एनईपी-2020 के मूल उद्देश्य पर डाला प्रकाश :** पूर्व कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा ने एनईपी-2020 के मूल उद्देश्य—बौद्धिक, नैतिक, सामाजिक, पर्यावरणीय एवं चरित्रगत विकास—पर प्रकाश डाला। रजिस्ट्रार डॉ. भूपेंद्र कुलदीप ने शिक्षा, ज्ञान और चेतना के एकीकरण को भारत के विश्वगुरु बनने की दिशा में आवश्यक बताया। डॉ. संकेत ठाकुर ने कहा कि मानवीय चेतना के विकास के बिना सतत विकास संभव नहीं है। मुनि इंटरनेशनल स्कूल, नई दिल्ली के डायरेक्टर ⏭ शेष पेज 12 पर

### शोधार्थियों एवं शिक्षकों को प्रदान किए गए प्रमाण पत्र

सम्मेलन में 104 शोध सारांशों का प्रकाशन, प्रोसीडिंग बुक का विमोचन तथा शैक्षणिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पैनल एक्सपर्ट के रूप में प्रो. विद्यानंद पाण्डेय एवं डॉ. बृजेश प्रताप यादव उपस्थित रहे। प्रतिभागियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के डायरेक्टर एवं सचिव डॉ. अवधेश पटेल तथा सहायक प्राध्यापक हरीश कुमार पटेल ने किया। अंत में महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष सीता वर्मा में स्वागत किया गया। सम्मेलन में बेमेतरा जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए 150 से अधिक शिक्षक, सहायक प्राध्यापक एवं शोधार्थियों की सहभागिता रही।

## धार्मिक आस्था पर बलि का दाग नहीं चलेगा: साहू संघ

# सिद्धि माता मंदिर परिसर में पशु बलि पर साहू समाज ने कलेक्टर से की रोक लगाने की मांग

**बेमेतरा।** फाल्गुन मास के आगमन के साथ ही जिले के ग्राम सैंडी स्थित प्रसिद्ध सिद्ध शक्ति पीठ सिद्धि माता मंदिर परिसर एवं आसपास पशु बलि की घटनाओं को लेकर एक बार फिर धार्मिक और सामाजिक माहौल में तनाव की आशंका गहराने लगी है। ब्राह्मण समाज के बाद अब साहू समाज भी इस कुप्रथा के खिलाफ खुलकर मैदान में उतर आया है। जिला साहू संघ बेमेतरा के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मंदिर परिसर तथा चंडी मंदिर मार्ग और आसपास के खेतों में हो रही पशु बलि पर तत्काल और पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि बाहरी लोग वाहनों से पहुंचकर बकरों की बलि दे रहे हैं, खुलेआम मांस व शराब का सेवन कर रहे हैं, जिससे धार्मिक स्थल की पवित्रता भंग हो रही है।



**आस्था आहत, शांति व्यवस्था पर खतरा :** साहू समाज ने कहा कि हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पवित्र स्थलों पर इस प्रकार की बलि स्वीकार्य नहीं है। मंदिर प्रशासन स्वयं इस परंपरा के विरोध में है, इसके बावजूद सामाजिक विरोध के बाद भी गतिविधियां जारी रहना चिंता का विषय है। इससे गंदगी फैल रही है और क्षेत्र में अशांति का माहौल बन रहा है।

**पहले भी हुआ था लिखित निर्णय :** ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पिछले वर्ष ग्राम देवरा-वीजा के सामुदायिक भवन में दर्जनों ग्राम सरपंचों और समाज प्रमुखों की उपस्थिति में दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती के समक्ष पशु बलि रोकने का लिखित प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बावजूद इस वर्ष पुनः बलि की घटनाएं सामने आना प्रशासनिक सख्ती की जरूरत को रेखांकित करता है।

### सख्त कार्रवाई की मांग

जिला साहू संघ ने प्रशासन से उक्त निर्णय के अनुरूप कठोर कदम, मंदिर व आसपास निरंतर निगरानी, तथा शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इस संबंध में तहसीलदार राजाराम लहरें को भी ज्ञापन सौंपा गया।

### ये रहे मौजूद

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला साहू संघ अध्यक्ष नारद साहू, महासचिव वेणु राम साहू, देवेंद्र साहू, रामकुमार साहू, अध्यक्ष रेखा राम साहू, उपाध्यक्ष नूतन साहू, माधव राम साहू, तारकेश्वरी साहू, उमाशंकर साहू, घणाराम साहू, पुनाराम साहू, विनय साहू, सुखदेव साहू, निखिल साहू, शांति साहू, लक्ष्मी साहू, शीलू साहू, ममता साहू, नीलकंठ साहू, सेवाराम साहू, गौतम साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्गों का सम्मान कार्यक्रम आज

**राजनांदगांव।** मिथिलाधाम श्रीगणेश-हनुमान मंदिर मोनी बाबा आश्रम में मिथिला महिला मंडल द्वारा मैथिल समाज के बुजुर्गों का जिनकी आयु 80 वर्ष से ऊपर है, उनका सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम कल 8 फरवरी संध्या 4 से 4 बजे तक किया जाएगा। मिथिला महिला मंडल की श्रीमती सलिला ठाकुर ने बताया कि हमने सभी बुजुर्ग परिवार से संपर्क किया है, यदि किसी परिवार में 80 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग हैं और उनसे संपर्क नहीं हो पाया है तो वह अपना नाम अशोक चौधरी अध्यक्ष मिथिलाधाम गणेश मंदिर के पास लिखवा दें, ताकि कोई भी समाज के बुजुर्ग इस सम्मान से वंचित न रहे। अशोक चौधरी ने बताया कि पूर्व में भी मिथिलाधाम गणेश मंदिर में बुजुर्गों का सम्मान नरेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में किया गया था। उस समय अगुवाई पुरूषों ने किया था। इस बार मिथिला महिला मंडल द्वारा यह पहल किया जा रहा है।

### सट्टा-पट्टी के साथ आरोपी पकड़े गए



**राजनांदगांव।** रुपए-पैसे का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखने के मामले में पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपियों पर कार्रवाई की हैं। आरोपियों से सट्टा-पट्टी एवं नगदी रकम बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 3 फरवरी को कोतवाली पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर शास्त्री चौक तुलसीपुर के पास पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर अविनाश रामटेके उर्फ गोलू 29 वर्ष शास्त्री चौक तुलसीपुर को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से नगदी रकम 3040 रुपए, सट्टा-पट्टी, नोटबुक, मोबाइल, डाटपेन जब्त कर धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 कायम कर गिरफ्तार कर 4 फरवरी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी द्वारा अपने मेमोरंडम में सट्टा से प्राप्त रकम व सट्टा-पट्टी को इम्तियाज वारसी निवासी नवागांव को प्रतिदिन देना बताया गया। उक्त मेमोरंडम के आधार पर आरोपी इम्तियाज वारसी 46 वर्ष नवागांव को 6 फरवरी को मामले में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल किया गया है।

### निधन

### मोमवती चंद्राकर



**बेमेतरा।** चुचरुंगपुर निवासी कोमल चंद्राकर की पत्नी मोमवती चंद्राकर का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। निधन पर परिजन, समाज के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे अपने पीछे पुत्र लुकेश चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर एवं पुत्री मधु चंद्राकर सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

डॉक्टरों ने बताया—नियमित जांच ही सुरक्षा की कुंजी

# कैंसर से बचाव का संदेश, जिला अस्पताल में जागरूकता सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति आमजन को जागरूक करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए लीनेस क्लब बेमेतरा 'प्रेरणा मेन' द्वारा विश्व कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर शासकीय जिला चिकित्सालय बेमेतरा में कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लीनेस क्लब बेमेतरा 'प्रेरणा मेन' एवं मल्टिपल-2 के सरगम के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अस्पताल स्टाफ एवं नागरिकों की सहभागिता रही।

सेमिनार को संबोधित करते हुए जिला चिकित्सालय में पदस्थ सिविल सर्जन ने कहा कि कैंसर के कई मामलों में प्रारंभिक अवस्था में कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। शरीर में हल्की असामान्यता, दाग-धब्बे या बदलाव को नजरअंदाज करना घातक हो सकता है। उन्होंने समय-समय पर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने पर विशेष जोर दिया।




### विशेषज्ञों ने दी जानकारी

कार्यक्रम में डॉ. कोसरिया ने गर्भाशय कैंसर के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को स्वच्छता को प्राथमिकता देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता और नियमित जांच से इस बीमारी को प्रारंभिक स्तर पर रोका जा सकता है। डॉ. अमिताभ साहू ने मुख कैंसर पर जानकारी देते हुए बताया कि तंबाखू, पान, गुटखा जैसे नशीले पदार्थ इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने आमजन से इनसे दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि जीवनशैली में सुधार से मुख कैंसर को काफी हद तक रोका जा सकता है। डॉ. विभा ने ओवरी कैंसर को गंभीर बताते हुए कहा कि यह एक "साइलेंट किलर" है, जिसमें बाहरी लक्षण नजर नहीं आते। उन्होंने 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को नियमित रूप से चिकित्सकीय परामर्श एवं जांच कराने की आवश्यकता बताई। वहीं डॉ. विजया ने ओरल कैंसर के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि मुंह के अंदर दांत, मसूड़े और गाल के भीतरी हिस्से में होने वाले घाव या बदलाव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर पहचान से उपचार सरल और प्रभावी हो जाता है।

### जन-जागरूकता कार्यक्रमों की निरंतरता पर दिया बल

कार्यक्रम की अध्यक्षता लीनेस क्लब की पूर्व अध्यक्ष लीनेस शशि तिवारी ने की। उन्होंने समाज में इस तरह के जन-जागरूकता कार्यक्रमों की निरंतरता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन ली. नीलम साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन लीनेस नीतू कोठारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन ली. नेहा वर्मा, उपाध्यक्ष ली. आरती साहू, ली. नीलम साहू सहित लीनेस क्लब की सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अस्पताल स्टाफ एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## साहु समाज का हुआ शपथग्रहण समारोह कैबिनेट मंत्री ने की विकास सहायता की घोषणा



**नांदघाट।** नांदघाट तहसील साहु समाज का शपथग्रहण समारोह घुरसेना में कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल के मुख्य आतिथ्य जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहु, उपा. अंजय बघेल सभापति जिला पंचायत विजय वर्मा भाजयुमो जिला अध्यक्ष लालन यादव सरपंच संघ जिला अध्यक्ष की उपस्थिति तथा बेमेतरा जिला साहु संघ अध्यक्ष नारद साहु की अध्यक्षता में घुरसेना में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण माता कर्मा के नाम से अध्यक्ष गौतम साहु उपाध्यक्ष सनत साहु, बबीता साहु सचिव डॉ नरेंद्र साहु, भाना बाई साहु, कोषाध्यक्ष मनहरण साहु अंकेक्षक पंकज साहु नव सामाजिक दायित्व का विधिवत पदभण किया गया।

नांदघाट तहसील क्षेत्र के समस्त परिक्षेत्रीय प्रमुखों ने पदाधिकारियों को शुभकामनाए दी है। इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन में अधिवक्ता नारद साहु ने समाज के नए प्रमुखों को सर्वसमाज के साथ समरसता बना कर सबके साथ चलने की बात कही और शोक के कार्यक्रम सादगी से तथा विवाह पूर्व प्री वैडिंग फोटो शेसन को बंद करने कहा। जिला अध्यक्ष भाजपा अजय साहु ने साहु समाज को कर्मठ और जागरूक समाज बताते हुए हर छेत्र में गौरवान्वित श्रम साधक समाज बताया तथा क्षेत्र में बाहुल्य साहु समाज के साथ हर परिस्थिति में खड़े मंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

वही पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ने साहु समाज को जागरूक और कर्मठ संगठित समाज बताते हुए समाज के साथ सदैव खड़े रहने की बात कही और नव नियुक्त अध्यक्ष गौतम साहु की मांग पर 25 लाख रुपये भवन हेतु 5लाख अतिरिक्त कक्ष हेतु 5 लाख रुपए सीसी रोड एवं 50000 रु अलग से प्रदान करने की घोषणा की। वृहद स्तर के आयोजन में आस पास के क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## पीएचसी कारेसरा में टीबी उन्मूलन अभियान को मिली मजबूती

### स्वास्थ्य व पोषण शिक्षा के साथ टीबी मरीजों को फुड बॉक्स वितरण

**बेमेतरा।** जिले में टीबी उन्मूलन अभियान को गति देने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कारेसरा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत टीबी उन्मूलन योजना के अंतर्गत मरीजों को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, साथ ही सभी चिन्हित टीबी मरीजों को पोषण आहार युक्त फुड बॉक्स वितरित किए गए।

कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी रवि वर्मा, सुपरवाइजर के.के. निर्मल, आरएचओ राजेश जायसवाल, कमलेश बोदेलकर, संजय मानिकपुरी, अखिलेश, सीएचओ लक्ष्मी पटेल, आरएचओ आशा सिन्हा एवं कामीक्षा दिवाकर ने निक्षय मित्र बनकर पीएचसी कारेसरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी नौ टीबी मरीजों को फुड बॉक्स प्रदान किए।



**पोषण सामग्री मिलने से मरीजों में उत्साह :** इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि टीबी रोग के दौरान मरीज शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है, ऐसे में संतुलित एवं पोषण युक्त आहार उपचार को प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होता है। पोषण सामग्री मिलने से मरीजों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि निक्षय मित्र कोई भी जागरूक नागरिक बन सकता है। उप स्वास्थ्य केंद्र अथवा किसी भी स्वास्थ्य संस्था में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों से संपर्क कर दान देने के इच्छुक व्यक्ति टीबी मरीजों की सहायता कर सकते हैं। यह समाजसेवा का पुनीत कार्य है, जिससे रोगमुक्त भारत के संकल्प को मजबूती मिलती है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा में 'परीक्षा पे चर्चा' का सीधा प्रसारण

**बेमेतरा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा में शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा 2026 के 9वें संस्करण का सीधा प्रसारण सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़े तनाव से मुक्त करना तथा उन्हें आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा की तैयारी हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना था।



विद्यालय परिसर में आयोजित लाइव प्रसारण को विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी एकाग्रता के साथ देखा और सुना। कार्यक्रम के दौरान नरेंद्र मोदी ने देशभर के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का केवल एक छोटा सा पड़ाव है—इसे भय या तनाव का कारण नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे दूसरों से तुलना करने के बजाय अपनी क्षमताओं को पहचानें और निरंतर प्रयास करते रहें।

**पीएम मोदी ने स्वस्थ दिनचर्या पर दिया विशेष बल :** प्रधानमंत्री ने समय प्रबंधन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, नियमित अभ्यास एवं स्वस्थ दिनचर्या पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि संतुलित दिनचर्या, योग, खेलकूद और पर्याप्त विश्राम विद्यार्थियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही, उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उनका उत्साहवर्धन करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य किशोर कुमार दहिकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा' जैसे कार्यक्रम छात्रों को मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे संवाद विद्यार्थियों को परीक्षा को बोझ नहीं, बल्कि एक अवसर के रूप में देखने की प्रेरणा देते हैं, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से उन्हें परीक्षा को लेकर सकारात्मक सोच मिली है। छात्रों ने इस सत्र को अत्यंत प्रेरणादायक, उपयोगी और मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि इससे आगामी परीक्षाओं की तैयारी में उन्हें नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्राप्त हुआ।

# पांचवी की केंद्रीकृत परीक्षा को लेकर डीईओ ने ली प्रधान पाठकों की बैठक

**बेमेतरा।** विकासखंड साजा अंतर्गत कक्षा पाँचवीं की आगामी केंद्रीकृत परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी की अध्यक्षता में प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठकों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, साजा में किया गया, जिसमें विकासखंड के कुल 205 प्राथमिक प्रधान पाठकों ने सहभागिता की।

- 205 प्राथमिक प्रधान पाठकों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रधान पाठकों की संख्या अधिक होने के कारण बैठक को दो पालियों में संपन्न कराया गया। प्रथम पाली सुबह 9 से 10 बजे तक तथा द्वितीय पाली 10 से 11 बजे तक आयोजित हुई। बैठक का प्रमुख उद्देश्य मार्च माह में होने वाली कक्षा पाँचवीं की केंद्रीकृत परीक्षा के सुचारु संचालन, पारदर्शिता एवं समयबद्ध संपादन को सुनिश्चित करना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए डीईओ चतुर्वेदी ने परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने लंबे समय से अनुपस्थित विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, नॉमिनल रोल की तैयारी, प्रश्नपत्रों की प्राप्ति व जमा प्रक्रिया तथा परीक्षा संचालन से जुड़े सभी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रधान पाठकों को दिए। साथ ही उन्होंने शिक्षकों की समय पर उपस्थिति, विद्यालय की समस्त पंजियों के सुव्यवस्थित संधारण एवं विद्यार्थियों को स्तरानुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।



### शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलेश चंद्रवंशी के माध्यम से स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परीक्षा पूर्ण होने तक विद्यालय संचालन में किसी भी प्रकार का अवकाश मान्य नहीं होगा। इस अवसर पर बीआरसी खोमलाल साहू ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत प्रस्तावित महापरीक्षा की तैयारियों को समय पर पूर्ण करने, अपार आईडी, एमबीयू कार्य में प्रगति लाने तथा विद्यालय की स्वच्छता एवं बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की जानकारी दी। बैठक में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वर्मा जी सहित विद्यालय परिसर के शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# पल्लव ने 5000 किमी की पैदल यात्रा कर फैलाया नशामुक्ति संदेश

**नांदघाट।** असम के श्रीभूमि जिले से सारे देश में नशामुक्ति की अलख जगाने 25 साल के पल्लव देव निकले और 6 राज्य की 5000 किमी से अधिक दूरी पांव से नाप लिया है। इसी तरह सारे भारत का भ्रमण का दुस्साह्य स्वप्न लेकर सफर पर निकले हैं। रास्ते में जगह जगह लोगों छात्रों बच्चों से नशे के खिलाफ संवाद कर रहे पल्लव ने बताया कि उनका सपना सेना में शामिल होकर मातृभूमि की सेवा करना था। पर पूरा नहीं हो पाया तो सारे देश में पैदल ही घूम कर जगह जगह की मिट्टी इकट्ठी कर भारत माता की मंदिर बनाने का संकल्प लेकर निकले हैं। यात्रा में नांदघाट में उन्होंने पुलिस थाने में निरिक्षक लेखराम ठाकुर और सहकर्मियों से भेंट कर अपने यात्रा के उद्देश्य की जानकारी दी। उनके भागीरथ संकल्प पर पूरे स्टाफ ने उनका स्वागत कर उनके लिए शुभकामनाए दी है।

600 से अधिक दादा-दादियों की मौजूदगी, संस्कार व संवेदनाओं का अनुपम संगम

# ऐकैडमिक वर्ल्ड स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे की मची धूम

**बेमेतरा।** ऐकैडमिक वर्ल्ड स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन उल्लास, परंपरा और भावनात्मक वातावरण के बीच भव्य रूप से किया गया। दादा-दादियों का पारंपरिक स्वागत कर विद्यालय परिसर को उत्सव स्थल में परिवर्तित किया गया। कार्यक्रम में 600 से अधिक दादा-दादी व अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय उपप्राचार्य डॉ. एस.के. तिवारी, हैड मिस्ट्रेस स्मृति शाही, प्री-प्राइमरी विंग की शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में दादा-दादी उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में पारिवारिक मूल्यों, संस्कारों तथा पीढ़ियों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करना रहा।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रामायण थीम पर आधारित नृत्य नाटिका रही, जिसने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। वहीं प्री-प्राइमरी विंग के नन्हे-मुन्नों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दादा-दादियों और अभिभावकों को भावुक कर दिया। मंच से लेकर दर्शक दीर्घा तक स्नेह, मुस्कान और तालियों की गूंज बनी रही। ग्रैंड पेरेंट्स डे को और अधिक रोचक बनाने के लिए विद्यालय द्वारा विशेष मेले का आयोजन किया गया। इसमें समय नियोजन के आधार स्तंभ, सर्वश्रेष्ठ जोड़ी-दादी, सर्वश्रेष्ठ जोड़ी-दादा, धरोहर जोड़ी, जोड़ी नंबर-1, बॉलीवुड बज़ जैसे विविध खेल आयोजित किए गए। बच्चों और उनके दादा-दादियों ने उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों के मनोरंजन हेतु स्विंग्स, जंपर्स और कैंडी फ्लॉस की स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

**प्रतियोगिताओं के विजेता :** प्रथम आगमन सम्मान लता संतवानी व लालचंद (श्रेयनशी संतवानी – प्रेप-2), सर्वश्रेष्ठ जोड़ी-दादी लीला साहू (प्रसिद्धि साहू – कक्षा पहली), सर्वश्रेष्ठ जोड़ी-दादा बलदेव देवांगन (अंश देवांगन – कक्षा पहली), धरोहर जोड़ी द्रोपदी देवांगन व रामजी देवांगन (नताशा – प्रेप-2), जोड़ी नंबर-1 में प्रथम स्थान मोहन संडे व मीना संडे (आहन सोनी – कक्षा दूसरी) को मिला। द्वितीय स्थान ध्रुव अग्रवाल व ज्योति अग्रवाल (आशवी अग्रवाल – कक्षा पहली) तथा तृतीय स्थान जय नारायण गुप्ता व शिवदुलारी गुप्ता (नियति – कक्षा दूसरी, कार्तिक – कक्षा पहली) को प्राप्त हुआ।

### शिक्षा के साथ दी जा रही संस्कारों की मजबूत नींवः ग्रेंड पेरेंट्स

कार्यक्रम के दौरान दादा-दादियों ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों की मजबूत नींव दी जा रही है।

### हैड मिस्ट्रेस ने जताया दादा-दादियों का आभार

हैड मिस्ट्रेस स्मृति शाही ने सभी दादा-दादियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दादा-दादी परिवार और समाज के लिए विशाल छायादार वृक्ष के समान होते हैं, जिनका स्नेह बच्चों को जीवन की सही दिशा देता है।उपप्राचार्य डॉ. एस.के. तिवारी ने कहा कि दादा-दादियों की उपस्थिति से बच्चों और विद्यालय में नई ऊर्जा का संचार होता है। विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने अपने संदेश में कहा कि दादा-दादी संस्कारों की जीवंत पाठशाला हैं, जिनके अनुभव और मार्गदर्शन से बच्चों का व्यक्तित्व सशक्त बनता है।

